प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.09.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बांसवाड़ा के नापला में 2800 मेगावाट की माही बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार प्रदान किए–राजस्थान के दो कलाकार शामिल।

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस के भुगतान की मंजूरी दी।

- एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में दुबई में आज भारत का मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बांसवाड़ा के पास नापला में 2800 मेगावाट की माही बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना का शिलान्यास करेंगे। माही डैम के पास बनने वाली यह परियोजना परमाणु ऊर्जा मिशन के तहत तैयार की जायेगी। इस परियोजना पर करीब 42 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी देशवासियों को 1 लाख 8 हजार करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो की सौगात देंगे। इनमें राज्य सरकार के 30 हजार करोड़ रूपये के 48 विकास कार्य शामिल है। श्री मोदी इसी कार्यक्रम में बीकानेर–दिल्ली कैंट तथा जोधपुर–दिल्ली कैंट के बीच संचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ उदयपुर–चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जोधपुर में होने वाले समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहेंगे। वहीं बीकानेर में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बांसवाड़ा में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने आज दोपहर बांसवाड़ा पहुंचे। श्री शर्मा ने नापला में माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु बिजलीघर के शिलान्यास स्थल, सभा स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं व तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

......................

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कल प्रदेशभर में कई कार्यक्रम होंगे। इसे स्वच्छता दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। 109वीं जयंती के मौके पर पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर जयपुर के धानक्या रेलवे स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान भी किया जाएगा।

......................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार प्रदान किए। ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित समारोह में प्रदेश के दो कलाकारों को भी पुरस्कृत किया

गया। डॉ. गिरिराज शर्मा को मूर्तिकला तथा डॉ. कनुप्रिया को मिक्स्ड मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ये पुरस्कार मिला। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कह कि कला सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और समाज को अधिक संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने ललित कला अकादमी द्वारा इस साल कलाकारों की बनाई गई कलाकृतियों की बिक्री को बढ़ावा देने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे कलाकारों को वित्तीय सहायता मिलेगी और देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था मज़बूत होगी।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से जीएसटी दरों में कटौती का अधिक से अधिक लाभ उठाने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के नाम अपने संदेश में कहा कि जीएसटी सुधार से दैनिक जरूरत की वस्तुओं के दामों में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री ने "जीएसटी बचत उत्सव" के दौरान व्यापारी और दुकानदारों से उपभोक्ताओं तक राहत पहुंचाने की अपील की। साथ ही नवरात्रि और त्योहारी सीजन में "वोकल फॉर लोकल" अभियान को साकार करने हेतु स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया।

......................

इस बीच जीएसटी बचत उत्सव के तहत प्रदेशभर में लोगों को कर सुधार से होने वाले फायदों के बारे में बताया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न कार्यक्रम, बैठकें और संगोष्ठियां आयोजित की जा रही है।

......................

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नई दिल्ली में हुई बैठक में आज कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इनमें रेल्वे, हाईवे, जहाज निर्माण तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

......................

उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने 10 लाख 91 हजार रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस के रूप में एक हज़ार 865 करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान को मंजूरी दे दी है। यह बोनस दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले दिया जाएगा।

......................

प्रदेशभर में शहरी और ग्रामीण सेवा अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाया जा रहा है। साथ ही आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत चिकित्सा शिविर लगाये गये है। इन शिविरों में बडी संख्या में लोग पंहुच रहे हैं। विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री तथा अधिकारी जाकर इन शिविरों का जायजा ले रहे हैं। इसी कडी में आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अजमेर के किशनगढ़ में आज शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। नगर परिषद प्रांगण में लगाये गये शिविर में उन्होंने लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के चेक प्रदान किए। उपमुख्यमंत्री ने 6 माह के बच्चों का अन्न प्राशन संस्कार करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं से आम जनता को सीधे लाभ मिल रहा है।

......................

राजस्थान लोक सेवा आयोग के नवनियुक्त सदस्य सुशील कुमार बिस्सू और डॉ. अशोक कुमार कलवार ने आज अपना पदभार ग्रहण किया। दोनों सदस्यों ने आयोग अध्यक्ष और अन्य सदस्यों से मुलाकात की। राज्य सरकार ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की मंजूरी के बाद कल तीन नये सदस्यों की नियुक्ति की थी। इनमें पूर्व आईपीएस हेमंत प्रियदर्शी, डॉ. सुशील कुमार बिस्सू और डॉ. अशोक कुमार कलवार शामिल हैं।

......................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज भीलवाड़ा और जयपुर में दो अलग–अलग मामलों में रिश्वत लेते हुए तीन लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की भीलवाड़ा टीम ने समग्र शिक्षा परियोजना के सहायक अभियंता राजकुमार मुन्दडा और कनिष्ठ अभियंता भारत भूषण गोयल को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा। आरोपियों ने स्कूल निर्माण कार्यों के बिल पास करने के एवज में यह राशि ली थी। इसी तरह, ए.सी.बी. जयपुर ने कानोता थाना के सहायक उप निरीक्षक बनेसिंह को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

......................

अलवर के थानागाजी इलाके में आज एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाईकिल सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा तेज रफ्तार डम्पर के मोटरसाईकल को टक्कर मार देने से हुआ। पुलिस के अनुसार ये सभी लोग एक ही परिवार के थे तथा मेजोड गांव के रहने वाले थे।

......................

एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भारत का मुकाबला बांग्लादेश की टीम से होगा। ये टी–20 मैच दुबई क्रिकेट स्टेडियम में रात आठ बजे से खेला जाएगा। दोनों ही टीमें सुपर फोर चरण का अपना पहला मैच जीत चुकी हैं। भारत ने टूर्नामेंट में दूसरी बार पाकिस्तान को शिकस्त दी, जबकि बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया।

......................